प्रथम पृष्ठ के शेष

गाजा के आधे इलाके पर इजरायल का कब्जा

अभी तक उत्तरी पूर्वी सरहद के करीब का इलाका छोड़ा नहीं है। गाजा पट्टी को बीच से दो हिस्सा करें तो उत्तरी इलाके में इजरायल और गाजा के बीच तीन गेट हैं. एक गेट उत्तरी पूर्वी इलाके में है और दो पूर्वी सरहद पर है। इजरायल ने तीनों गेट बंद कर दिए थे। इसके बाद तीन तरफ से गाजा पट्टी में इजरायली फौज घुसी थी। इसमें एक इलाका गाजा के उत्तर पूरब का था. दूसरा उत्तर पश्चिम की ओर बिल्कुल समुद्री किनारे से था। तीसरी एंट्री वादी गाजा के पास बिल्कुल बीच में पूर्वी सरहद के पास से की गई थी। इजरायली सेना जैसे जैसे उत्तरी गाजा में आगे बढ़ती गई, वैसे वैसे सामने पड़ रहे इलाकों को अपने कब्जे में लेती गई. उत्तर पूरब का इलाका इजरायल ने कब्जे में ले लिया. उधर उत्तर पश्चिम में भी तेजी से इजरायली सेना आगे बढ़ी और इतने इलाके को कब्जे में ले लिया. सबसे तेज कार्रवाई गाजा पट्टी के ठीक बीच वाले इलाके में हुई जहां इजरायली सेना ने दक्षिण गाजा जाने का रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया. अब इजरायली सेना की मर्जी के बगैर उत्तर गाजा से दक्षिण गाजा जाना संभव नहीं है. लेकिन एक महीने के ताबड़तोड़ आसमानी हमले के बावजूद हमास के आतंकवादी उत्तरी गाजा में ही दो जगहों पर इजरायली सैनिकों के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं.

इसमें एक है उत्तरी पूर्वी इलाके में बेइत हानून, जहां हमास के दहशतगर्द अब भी वजूद में हैं. दूसरा इलाका गाजा शहर के बीच का इलाका जबालिया कैम्प है. यहां भी हमास और इजरायल के बीच जबरदस्त जंग चल रही है. इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने तो ये भी कहा है कि हमास के आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे ड्रोन अटैक्स, आईईडी के ब्लास्ट और एंटी टैंक फायर से इजरायली सेना को बहुत नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन इजरायली सेना किसी भी कीमत पर थमने वाली नहीं है. हालांकि एक दिन पहले ये खबर आई थी कि अमेरिका ने इजरायल से तीन दिन तक हमले बंद करने की अपील की थी, लेकिन इसे अनसुना करके इजरायली सेना गाजा में हमले जारी रखे हुए है. इजरायली सेना आपसी तालमेल की वजह से लगातार आतंकियों के खिलाफ सफल ऑपरेशन चला रही है. जमीन पर मौजूद उसके सैनिकों ने अपने पास सक्रिय एक एंटी टैंक मिसाइल सेल की पहचान करके आईडीएफ जेट को सूचित किया. उसके बाद आईडीएफ के फाइटर जेट ने हमास के एंटी टैंक मिसाइल सेल को नेस्तनाबूत कर दिया. इसी तरह नौसैनिकों ने भी हमास के कई ठिकानों पर हमला किया. जमीन पर मौजूद सैनिकों ने हमास के कई आतंकवादियों को ढूंढ निकाला, जिन्होंने खुद को अल-कुद्स अस्पताल के निकट एक इमारत में बंद कर लिया था. आईडीएफ आर्टिलरी का आक्रमण आतंकियों में खलबली मचा रहा है. मकानों, ठिकानों को उड़ाती इजरायली सेना हमास को मिट्टी में मिला रही है

प्रधानमंत्री ने लोगों से 'वोकल फॉर लोकल'...

उद्यमशीलता और रचनात्मक भावना का समारोह मनाएं। उन्होंने कहा कि आइए हम ऐसे उत्पाद खरीदें जिन्हें स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों और उसके बाद उस उत्पाद या उसके निमार्ता के साथ नमो ऐप पर एक सेल्फी पोस्ट करें। अपने मित्रों और परिवार को अपने थ्रेड में शामिल होने तथा सकारात्मकता की भावना का प्रसार करने के लिए आमंत्रित करें। प्रधानमंत्री ने कहा आइए हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथी भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखने के लिए डिजिटल मीडिया की शक्ति का उपयोग करें।

केदारनाथ में मिले राहुल और वरुण...

परिवार से ताल्लुक रखने वाले दोनों चचेरे भाइयों की मुलाकात ने वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कुछ हलकों में अटकलें शुरू कर दी हैं। संजय गांधी और मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी को हाल के महीनों में भाजपा की प्रमुख बैठकों में नहीं देखा गया है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी राय पार्टी से अलग रही है। वह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से लोकसभा सदस्य हैं। बता दें कि राहुल गांधी पिछले तीन दिन से उत्तराखंड के केदारनाथ में हैं, जबकि वरुण गांधी ने मंगलवार को अपने परिवार के साथ केदारनाथ का दौरा किया।

मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने एमपी...

धमकी मंच से दी गई थी। पुलिस ने विवेचना मे मामले में धारा 506, 171 एफ,186,189,153 ए, 120 बी भादवि मे सदर विधायक अब्बास अंसारी व उनके भाई उमर अंसारी, इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुपुर मुहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है। मामले में आरोपी उमर अंसारी की पत्रावली अलग कर दी गयी है। वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे, उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी था। दूसरे मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई राजेश कुमार वर्मा की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई थी। आरोप है कि 27 फरवरी 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने बिना अनुमति के राजाराम पुरा से लेकर भरहु का पूरा तक रोड शो निकाला। जिसमें 5-6 गाड़ियां तथा 100-150 लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर बाद विवेचना अब्बास अंसारी, उमर अंसारी, गणेश दत्त मिश्रा, मंसूर अंसारी, मोहम्मद ईशा खान, शाहिद लारी, शाकिर लारी, जुल्फेकार और धर्मेंद्र सोनकर के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। मामले में उमर अंसारी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे, उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी है। तीसरा मामला दक्षिण टोला थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार तत्कालीन निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की तहरीर पर 12 फरवरी 22 को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अपराध संख्या 27/22 धारा 188, 171एच भादवि व धारा 133 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले में पुलिस ने विवेचना कर अब्बास अंसारी, उमर अंसारी, साकिब लारी,शाहिद लारी,इशराईल अंसारी और रमेश राम के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया है। मामले में उमर अंसारी के कोर्ट में उपस्थित न होने पर उनकी पत्रावली अलग कर दी गयी थी। उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी है।

लालकृष्ण आडवाणी ने मनाया 96वां जन्मदिन...

लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वह ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक हैं, जिन्होंने महान योगदान दिया है, जिससे हमारा देश मजबूत हुआ है। मोदी ने कहा, उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्रीय प्रगति और एकता को आगे बढ़ाया है। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनके प्रयास 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करते रहते हैं।

गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर पूर्व गृह मंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने अपने अथक परिश्रम और संगठन कौशल से पार्टी को सींचने और कार्यकताओं को गढ़ने का काम किया। भाजपा की स्थापना से लेकर सत्ता तक आने में आडवाणी जी का अतुलनीय योगदान हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का अक्षुण्ण स्रोत है। ईश्वर से उनकी दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनका अनुशासन, सिद्धांतवादी जीवन और अटूट प्रतिबद्धता की विचारधारा सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा है।

सबसे लंबे समय तक भाजपा अध्यक्ष रहने वाले लाल कृष्ण आडवाणी ने अपनी सैद्धांतिक दृढ़ता और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर भाजपा को दो सांसदों के राजनीतिक दल से शुरू करके सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की है। उन्होंने लगभग तीन दशक के संसदीय करियर देखा है। 8 नवंबर, 1927 को कराची में जन्मे आडवाणी 1998 से 2004 तक भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में गृह मंत्री थे। उन्होंने 2002 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में उप प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया। आडवाणी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में की थी। 2015 में आडवाणी को भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

सोल कारोवारी की हत्या

शव रेलवे लाइन के समीप मिला, परिजनों ने कारोवारी पार्टनर पर शक जाहिर किया, शव पोस्टमार्टम को भेजा, पुलिस छानवीन में जुटी

आगरा। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के घटिया आजम खां निवासी 27 वर्षीय एक सोल कारोवारी की हत्या कर शव रेलवे लाइन के समीप फैंक दिया। सुबह जब आसपास के लोगों ने शव देखा तो इलाके में हडकम्प मच गया। मौके पर सैकडों लोगों की भीड जमा हो गई, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। हत्या की जानकारी मिलने पर परिवार मे कोहराम मच गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के परिजनों ने पार्टनर पर हत्या का शक जाहिर किया है। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी हे। घटिया आजम खां निवासी 27 वर्षीय भारत सोल कारोवारी था, वह मंगलवार की शाम घर से तगादा करने की कहकर निकला था।

परिजनों ने बताया कि भारत को उसके पार्टनर ने हिसाब-किताब करने को बिचपुरी रेलवे फाटक के समीप गोदाम पर बुलाया था। देर रात तक जब वह वापस नहीं आया तो उसके मोबाइल पर सम्पर्क किया गया किन्तु स्विच ऑफ जा रहा था। किसी अनहोनी की आशंका से परिवार के लोग भारत की तलाश करते रहे, उसे संभावित स्थानों पर तलाश किया किन्तु सुराग नहीं लगा। ढूढते-ढंढते सुबह हो गई, इसी दौरान बिचपुरी रेलवे फाटक के समीप झाडियों में किसी का शव पडे होने की जानकारी उन्हे मिली तो वह मौके पर पहुंचे। शव को देख परिजनों की चीख निकल गई, मृतक सोल कारोवारी भारत था, शव मिलने पर सैकडों लोगों की भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने विजनेस पार्टनर पर शक जाहिर किया है। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है, पुलिस का कहना है कि हत्या का खुलासा जल्द ही कर दिया जायेगा, मृतक के शरीर पर चोट के गहरे निशान थे।

लेखिका भावना वरदान की पुस्तक 'वेस्ट सेलर किताब' पर परिचर्चा करते इतिहासकार। साथ में अन्य।

दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

आगरा। दबंगो ने एक युवक पर जानलेवा हमला बोल दियाो. बहन के साथ अभद्रता का भाई ने विरोध किया तो दबंगों ने लाठी डंडों, हॉकी से पीट दिया। युवक की किस कदर बेरहमी से पिटाई की गई इसकी गवाही खुद युवक की पीठ और पूरे शरीर पर बने घाव के निशान दे रहे हैं। घायल चलने फिरने से भी लाचार नजर आ रहा है। घायल को जिला अस्पताल में मेडिकल के लिए लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार किया और मेडिकल करने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दियां। मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के कैलाश मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। पीड़ित प्रांशु दुकान पर बैठा हुआ था। दोपहर के लगभग 1 बजे युवराज नामक व्यक्ति आया और लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

युवक चीखता रहा लेकिन कोई बचाने नहीं आया। युवक को बेरहमी से पीटने के बाद हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि सुबह दबंगो ने दुकान पर बैठी बहन से अभद्रता की थी इसकी शिकायत उसने परिजनों से की साथ ही इसका विरोध भी किया। उस दौरान बुजुर्गो ने बीच बचाव करके मामला खत्म करा दिया इसके बाद दोपहर एक बजे करीब युवराज और उसका मामा लाठी डंडे लेकर आये और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

सुबह गहरी धुंध, मौसम हुआ सर्द

ताज के समीप निगमकर्मी पेड़ों पर छिड़काव करते।

आगरा। ताजनगरी की आवोहवा लगातार दूषित हो रही है, जिससे सांस के मरीजों की समस्या बढ गई है। सुबह गहरी धुंध छाए रहती है,। ऐसा प्रतीत होता है मानो बादल छाये हैं। गहरी धुंध से अवोहवा में जहर घुल चुका है, जिससे बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो को सांस की समस्या बढ गई है। अस्पतालों में मरीजों की भीड जमा है, इनमें अधिकांश सांस के मरीज है। आसपास के राज्यों में पराली जलाने के कारण आवोहवा में जहर घुल रहा है किन्तु वहां की सरकारें पराली जलाने को लेकर मूकदर्शक बनीं हुई है, जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। शहर में जगह-जगह कूडे के ढेर में आग लगा दी जाती है, सेंटजोंस के समीप कूडा-करकट में अक्सर आग लगा दी जाती है किन्तु ऐसे लोगो के खिलाफ नगर निगम ने आज तक कार्यवाही नहीं की है। दीपावली पर घरों में सफाई के दौरान कूडा करकट को जलाया जा रहा है। यदि नगर निगम प्रशासन ने इस ओर सख्त कदम नहीं उठाया तो महानगर की आवोहवा में और अधिक जहर घुलेगा, प्रदूषित हवा से चर्म रोग की समस्या पैदा हो गई है। डॉक्टरों ने मरीजों से अहतियात बरतने को कहा है। यमुनापार के क्षेत्रो में रात को कूडे के ढेर मे आग लगा दी जाती है, सेंट जौंस चैराहे के समीप अक्सर कूडे के ढेर में आग सुलगती नजर आती है किन्तु यह नगर निगम को नजर नहीं आती है जिससे वायु प्रदूषण बढता ही जा रहा है जो कि चिंताजनक है किन्तु इस ओर नगर निगम गम्भीर नहीं है।

पुलिस अधिकारी मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली निकलते। ------छाया: आज

मिशन शक्ति के तहत निकाली जागरूकता रैली

फतेहपुर सीकरी। थाना फतेहपुर सीकरी कस्बा में क्षेत्राधिकारी राजीव सिरोही के नेतृत्व में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली निकली गई। फतेहपुर सीकरी कस्बा के बादशाह गेट से शाहकुली आगरा गेट व मुख्य बाजार होते हुए मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली निकली गई ,जिसमें आधा दर्जन से अधिक स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया। वही छात्रों को उनके अधिकारों और पुलिस के हेल्पलाइन नंबरो 1090-1076 और 112 के बारे में बताया और महिला हेल्प डेस्क की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक श्री अंकित कटियार, उप निरीक्षक अजय कुमार, उप निरीक्षक नितिन कुमार, उप निरीक्षक नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

ताजमहल पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़। ----छाया: आज

एक्सप्रेस वे पर रंगबाजों ने मचाया हुड़दंग

स्टंट का वीडियो बनाया, जबरन वाहनों को रोका, दहशत फैलाई, पुलिस तलाश में जुटी

आगरा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रंगबाजों ने जमकर उत्पात मचाते हुए काले शीशे की कार में स्टंट करते हुए वीडियो बनाया। गाडी पर यूपी पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था। रंगबाजों ने तमाम गाडियों को जबरन रोक लिया, इससे एक्सप्रेस वे पर दहशत फैल गई। वाहनों के पहिये थम गए। युवक बेखौफ स्टंट करते रहे, उन्हें यहां से गुजरने वालों की समस्या से कोई लेना देना नहीं था। वीडियो वायरल होने पर पुलिस रंगबाजों की तलाश में जुटी है। वायरल वीडियो में रंगबाज बेखोफ नजर आ रहे हैं, उन्होंने स्टंट का वीडियो अलग-अलग इंस्टाग्राम अकाउंट्स से पोस्ट कर दिये। रंगबाजों के उत्पात से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कुछ देर को तमाम गाडियों के पहिये थम गए, लोग सहमे हुए थे। वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आने पर रंगबाजों की तलाश जारी है, पुलिस का कहना है कि रंगबाजों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। नियक-कानून किसी को भी हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। बतादें कि आज-कल युवाओं में स्टंट की खुमारी चढी हुई है। पिछले दो-तीन माह में स्टट के दर्जनभर मामले सामने आ चुके हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने कडी कार्यवाही की हे फिर भी युवा स्टंटबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्हें पुलिस को खौफ नहीं रहा है। एक्सप्रेस वे पर स्टंट करना खतरे से खाली नही है, ऐसे में जान भी जा सकती है किन्तु युवाओं को इसका भान नहीं है।

पांच बीघा जमीन पर चला बुलडोजर

एडीए ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

आगरा। एडीए ने अवैध निर्माण को लेकर कमर कस ली है, हर रोज कहीं न कहीं बुलडोजर दहाड रहा है, जिससे हडकम्प मचा हुआ है। बुधवार को एडीए ने बिचपुरी-बोदला रोड स्थित एक अनाधिकृत कॉलोनी का ढहा दिया, जहां बगैर नक्शा पास कराये कॉलोनी का विकसित किया जा रहा था। यहा कन्हैया लाल कुशवाह ने पांच बीघा जमीन पर वाडंड्रीबाल कर प्लाटिंग करा दी। निर्माण कार्य जारी था, इस पर एडीए ने नोटिस भेज दिया किन्तु कन्हैया लाल ने जबाव नहीं दिया। समयावधि समाप्त होने पर एडीए प्रवर्तन दल अवर अभियंता फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कन्हैया लाल से नक्शा दिखाने को कहा तो वह इधर उधर बगलें झांकने लगे। संतोषजनक जबाव न मिलने पर अवर अभियंता ने बुलडोजर चलवा दिया। देखते ही देखत अवैध निर्माण मिट्टी में मिल गया, जिससे हडकम्प मच गया। मौके पर सैकडों लोगों की भीड जमा हो गई। एडीए अब तक करीब तीन दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर चुका है साथ ही उन भवनों को सील किया गया है जहां ले-आउट के विपरीत निर्माण कार्य कराया गया है। प्रवर्तन दल हर रोज कही न कही कार्यवाही कर रहा है फिर भी निर्माण कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है।

समाजसेवी ब्लड डोनेट करते। ----------छाया: आज

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:-ग्राउण्ड फ्लोर,104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट)एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत / धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	गिरिश चन्द्र शर्मा(कर्जदार) गौरव (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001350436	मकान स्थित खसरा नं०-49 और 77 जीएच मौजा हिमअयपुर तहसील और जिला फिरोजाबाद, फिरोजाबाद	रू. 18,75,711/- 31अक्टूबर 2023	रू. 25,42,320/- / रू. 2,54,240/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	प्रवीण गुप्ता (कर्जदार) आशा गुप्ता (सह-कर्जदार) कौशल किशोर गुप्ता (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001340887& LHAGR00001341274	1,गली नं०-4 मौजा मोहम्मदपुर गजमालपुर मोसुमा मोहल्ला संतोष नगर तहसील व जिला फिरोजाबाद मध्यम वर्गीय 1 फिरोजाबाद-उत्तर प्रदेश	रू. 16,14,580/- 31अक्टूबर 2023	रू. 11,81,880/- / रू. 1,18,190/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
3.	सलीम अनवर (कर्जदार) कयान्त शकील (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001362562& LHAGR00001362563	मकान स्थित खसरा नं०-175 मोहल्ला नरायण नगर मौजा सैलाई जिला फिरोजाबाद मध्यम वर्गीय 1 फिरोजाबाद-205152	रू. 25,51,769/- 31अक्टूबर 2023	रू. 17,15,040/- / रू. 1,71,510/-	04 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ***ग्लोब टेक*** के वेबसाइट (**URL Link-/https://BestAuctionDeal.com**) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **18 दिसम्बर ,2023** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल 104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल 104/438, पी-रोड, शीशामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.)**आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में फिरोजाबाद** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**- स्थान **फिरोजाबाद** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** पर सम्पर्क करे **व सेल्स और मार्केटिंग प्रिण्टर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड।**

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: 09 नवम्बर 2023
स्थान: फिरोजाबाद

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड